हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 32.2 डिग्री

4
पार्किंग ठेकेदार की मनमानी


## खबर संक्षेप

### रेणुका ने जेईई एडवान्स परीक्षा की क्वालीफाई



**जशपुरनगर।** शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज के इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन शाखा के छटवें सेमेस्टर की छात्रा सुश्री रेणुका एक्का ने जेईई मेन 2024 परीक्षा क्वालीफाई कर अगले चरण जेईई (एडवान्स) 2024 परीक्षा में शामिल होने के लिए सफलता प्राप्त की है। संस्था के प्राचार्य एवं स्टाफ द्वारा छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामना दी गई।

### प्रेक्षक ने ली निर्वाचन की जानकारी

**बैकुंठपुर।** स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए लोकसभा क्षेत्र 04 कोरबा, विधानसभा क्षेत्र बैकुंठपुर, भरतपुर-सोनहत के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कैलाश सुखदेव पगारे को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे को लोकसभा निर्वाचन के तहत बैकुंठपुर व सोनहत (आंशिक) विकासखंड में मतदान के लिए किए जा रहे तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। श्री लंगेह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के लिए बैकुंठपुर में 228 तथा सोनहत (आंशिक) में 78 इस तरह 306 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें 304 मतदान केन्द्रों में रैम्प, बिजली व शौचालय की व्यवस्था की गई है। सामान्य प्रेक्षक को जानकारी देते हुए कहा कि पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 363 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 3 हजार 960 है। बैठक में उपस्थित जिले के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने जानकारी दी कि आचार संहिता लगने के बाद लगातार अपराधियों की धरपकड़ की कार्रवाई की गई है। साथ ही अवैध शराब विक्रय करने वालों के खिलाफ छापामार कार्रवाई की गई है।

### 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाता करेंगे होम वोटिंग

**बलरामपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके तहत 29 एवं 30 अप्रैल को 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाता अपने घर में ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के विधानसभा वार 66 मतदाता एवं 46 दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। जो मतदान के निर्धारित तिथि को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। निर्वाचन कार्यालय द्वारा होम वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए रूट चार्ट का भी निर्धारण किया गया है जिसके तहत रूट चार्ट के अनुसार ही मतदान किया जाएगा।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** धौरपृर थाना अंतर्गत ग्राम रघुपुर निवासी लछू पहाड़ी कोरवा आ. सोमरा पहाड़ी कोरवा (65 वर्ष) मंगलवार को गांव में लगे साप्ताहिक बाजार में खरीदारी कर पैदल पत्नी के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे धौरपुर अस्पताला में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## तेज रफ्तार वाहन चालन दुर्घटनाओं को कर रही आमंत्रित

# लगातार हो रहीं सड़क दुर्घटना, जिम्मेदार कौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में लगातार सड़क दुर्घटना हो रही है। तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालक लगातार सड़क हादसे में घायल हो रहे है या फिर उनकी मौत हो रही है। सड़क दुर्घटना के आंकड़े लगातार बढ़ते जा रहे है। खास तौर जिनके हाथ अ भी - अ भी गाड़ी आई है या नाबालिक वाहन चालक तेज रफ्तार में स्टंट करते हुए सड़क पर चलते है। सड़क पर चौक-चाराहों में कहीं भी यातायात पुलिस नजर नहीं आती है। कभी भी यातायात पुलिस कहीं भी अव्यस्था को सुधारते नजर नहीं आती है। इससे बाइक राइडर्स बेखौफ होकर तेज रफ्तार शहर में दोपहिया वाहन चलाते है। ऐसे वहां चालक खुद तो हादसे का शिकार होते ही है सड़क पर चलने वालो के लिए ⏭शेष पेज 4 पर

- चौक-चाराहों में कहीं भी यातायात पुलिस नजर नहीं आती



दो मोटर साइकिलों के भिंड़त से घायल युवक।

**यातायात अव्यस्था को दुरुस्त करने का प्रयास**

जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के प्रति पूरा पुलिस विभाग सतर्क है। हमारी कोशिश रहेगी हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। तेज रफ्तार में चलने वाले वाइकर्स को रोकने का प्रयास तेज किया जाएगा। जल्द ही शहर में लगे सिग्नल की कमियों को दूर कर फिर से शुरू किया जाएगा। पालकों को नाबालिक बच्चों को बाइक न चलाने देने की सलाह है। शहर की यातायात अव्यस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

**शशि मोहन सिंह,** पुलिस अधीक्षक जशपुर

**वर्ष 2021 से अप्रैल 2024 तक हुई दुर्घटना में घायल और मृतकों की जानकारी**

| वर्ष | दुर्घटना | घायल | मृतक |
|---|---|---|---|
| वर्ष 2021 | 326 | 194 | 211 |
| वर्ष 2022 | 321 | 263 | 205 |
| वर्ष 2023 | 253 | 179 | 256 |
| वर्ष 2024 (21 अप्रैल तक) | 110 | जानकारी नहीं | 115 |

### दुर्घटना के मुख्य कारण

- तेज रफ्तार से वाहन चालाना
- नाबालिग जिन्हें ठीक से हेंडिल सभांलना नहीं आता सड़क पर वाहन चला रहे हैं
- तेज रफ्तार वाली दो पहिया वाहनों का बाजार में आना।
- यातायात नियमों की अज्ञानता
- यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करना
- अभिभावकों द्वारा बच्चों को बिना ट्रैफिक सेंस के वाहन देना



मनोरा जंगल में लगी आग।

# नहीं थम रही जंगल में आग की घटना


हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नहीं रूक रही पेड़ों की अवैध कटाई
- आग बुझाने वन विभाग के पास संसाधन की कमी

जिला मुख्यालय से लगे मनोरा विकासखंड मुख्यालय के पकरी टोली मार्ग के जंगल में अब आग लगी है। इससे पूर्व जशपुर से लगे और आसपास के जंगलों में आग लग गई है।

वनविभाग अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन कहीं न कहीं आग लग जा रही है। इसे रोकने का वन विभाग के पास कोई ठोस समाधान नहीं है। जिसके कारण वन संपति को लगातार हानि हो रही है। मनोरा पकड़ी टोली रास्ते में लगी आग को अभी तक बुझाया नही जा सका है। वनों को हानि केवल आग से ही नही हो रही है। आग की रफ्तार से वनों की कटाई भी हो रही है। वन विभाग जिसकी जिम्मेदारी वनों की रक्षा के लिए है केवल मूकदर्शक बना हुआ है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में जंगल जो जशपुर की पहचान है उसे खोने के लिए तैयार रहना होगा। जरूरत है वनों में लगाने वाली आग और होने वाली वनों की कटाई को रोकने का स्थाई समाधान। जागरूक होना पड़ेगा स्थानीय लोगों को वनों को बचाने के लिए। वन समितियों को भी अपने दतिया का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने की जरूरत है।

# मैरीन ड्राइव तालाब में ऑक्सीजन की कमी से मर गई मछलियां



तालाब में मृत मछलियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- क्षेत्र में फैली दुर्गंध, मछली निकालने मची होड़

शहर के मैरीन ड्राइव तालाब में अचानक भरी संख्या में मछलियों के मरने का मामला सामने आया है। बुधवार को तालाब में बड़ी हजारों की संख्या में मछलियां तालाब में छहला गई जिसके बाद निगम प्रशासन में हड़कंप मच गया। मछलियों की मौत तालाब में गंदगी और ऑक्सीजन की कमी से होने की संभावना जताई जा रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि मरी हुई मछलियों को घर ले जाने जाने लोगों में होड़ मच गई। वहीं व्यवसायी भी तालाब से मरी हुई मछलियों को बेचने के लिए ले गए ऐसे में पहले से गर्मी के मौसम में इस तरह मरी हुई मछलियों को खाकर लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। बता दें कि शहर के मैरीन ड्राइव तालाब में समूह द्वारा मछली पालन किया जाता है। तालाब में समय पर सफाई नहीं होने के कारण साल दो साल में एक बार मछलियों के मरने का मामला सामने आता ही है। इस बार भी बुधवार को मैरीन ड्राइव तालाब की हजारों की संख्या में मछलियां मर गई। मृत मछलियां तालाब में छहला गई। तालाब में मछलियों की मौत की जानकारी निगम प्रशासन को दी गई। मछलियों की मौत का कारण अब तक पता नहीं चला है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि तालाब का पानी एक स्थान पर जमा है और उसमें गंदगी अधिक हो गई है ऐसे में तालाब का ऑक्सीजन लेवल कम हो गया। गर्मी के मौसम में पानी में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है ऐसे में मछलियों की मौत हो गई। तालाब में पानी को फिल्टर करने के लिए ग्रेवल फिल्टर लगाया गया है लेकिन तालाब में लगे फ्लोटर बंद पड़े हुए है। पानी में तैरते फव्वारों के बंद होने के कारण तालाब में ऑक्सीजन लेबल कम होने की बात भी कही जा रही है। हैरानी की बात तो यह है कि मछलियों के मरने की जानकारी मिलने के बाद लोगों में मृत मछलियों को निकालने की होड़ मच गया जबकि मछलियों के मरने से क्षेत्र में दुर्गन्ध फ़ैल गई इसके बाद भी आस पास के लोग मछलियों को लेकर चले गए। वहीं व्यवसायी इन मछलियों को बाजार में बेच देंगे जिससे बीमारी होने की संभावना भी है।

# बगीचा एसडीएम ने सेक्टर अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम।

बगीचा एसडीएम ओंकार यादव ने बगीचा, सन्ना के सेक्टर अधिकारियो की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में जानकारी ली तथा सभी सेक्टर अधिकारियों को व्हाटसअप ग्रुप बनाने हेतु निर्देश दिए जिसमें पटवारी, सचिव, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, कोटवार, पटेल शामिल होंगे। बैठक में सेक्टर अधिकारियों को पाठ क्षेत्र में समस्याओ के बारे में अवगत कराया। उनके समस्याओं को निराकरण हेतु उन्होंने रिजर्व सेक्टर अधिकारी को सहयोग के रूप में कार्य किए जाने हेतु निर्देश दिए। मतदान केन्द्रों में मतदाता पर्ची के वितरण शत प्रतिशत कराए जाने के निर्देश दिए गए और मतदाता पर्ची वितरण की पावती बीएलओ अनिवार्य रूप से लेगें। एसडीएम ने जहां नेटवर्क कनेक्टविटी सही नहीं है वहॉ रनर नियुक्त कर कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप गतिविधी का आयोजन कर मतदाताओं को सुबह से वोटिंग करने हेतु प्रेरित करने को कहा। उन्होंने सभी पटवारियों को ग्राम कोटवारों से मतदान दिवस एवं समय का मुनादी किए जाने निर्देश दिए और पटवारियों को मुख्यालय में रहने हेतु निर्देशित किया। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को मतदान कक्ष के अन्दर मोबाईल निषेध हेतु निर्देश दिए गए।

# नशे में धुत युवक ने होटल की दीवार तोड़कर घुसाई स्कॉर्पियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बाल बाल बचे लोग, दुकान क्षतिग्रस्त, चालक की जमकर हुई पिटाई



बुधवार को शहर में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन के चालक ने पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमकर उत्पात मचाया। शराब के नशे में धुत्त युवक ने तेज रफ्तार वाहन को अशोका बिरयानी होटल में घुसा दी। युवक पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। गनीमत रही कि घटना के दौरान होटल खाली था अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। इस घटना में होटल के अंदर मौजूद बाईक व साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीतापुर क्षेत्र से युवक स्कार्पियो वाहन से अंबिकापुर आया हुआ था। पीएम कार्यक्रम समाप्त होने के बाद युवक काफी तेज गति से वाहन चलाते हुए नवापारा रोड से उर्सू लाइन स्कूल होते हुए आकाशवाणी चौक की ओर जा रहा था। इस दौरान युवक ने पुराने रोजगार कार्यालय में संचालित अशोका बिरयानी होटल में अपनी गाड़ी घुसा दी। दुर्घटना में तेज रफ्तार वाहन दीवाल तोड़ते हुए अंदर घुस गई। पीएम कार्यक्रम के कारण सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र की दुकानें बंद कराई गई थी व भीड़ भाड़ कम थी ऐसे में गनीमत रही कि घटना के दौरान कोई मलबे में नहीं दबा अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। दुर्घटना से होटल संचालक को नुकसान हुआ जबकि एक बाइक समेत एक दर्ज साइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने स्कार्पियों चालक की जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस चालक को अपने साथ ले गई।

## छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ, नए मतदाताओं को किया गया जागरूक

# एनईएस पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



नए मतदाताओं को दिलाई गई शपथ।

जिले में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां जारी है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न ग्राम पंचायतों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सभी कलस्टर में नए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में नगर पंचायत पत्थलगांव सहित अन्य ग्रामों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई। वही रंगोली बनाकर, हाथों में मेहंदी लगाकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु सन्देश दिया। शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी नव मतदाताओं को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। साथ सभी छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इसी तरह कुनकुरी में भी युवाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अपनी सहभगिता दिखाई और लोगों को मतदान हेतु जानकारी दी। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सभी से लोकसभा चुनाव में 7 मई को मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही नए मतदाताओं को मतदान में शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर शपथ भी दिलाई गई। लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसके लिए प्रतिदिन जिले भर में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हर स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रमः शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- मतदाताओं को उड़िया, सादरी छत्तीसगढ़ी, कुंडुख बोली में दिलाई गई शपथ

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने, छत्तीसगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के निर्देश पर सेक्टर क्रमांक 16 भितघरा में सेक्टर अधिकारी श्री एम आर यादव, शैक्षिक समन्वयक समन्वयक सुरेश कुमार यादव मतदान केंद्र क्रमांक 87 रायकेरा में उपसरपंच महेश्वर राम यादव, ग्राम के नागरिक सानू राम, हृषिकेश, नारायण यादव, तारकेश्वर यादव, राजपाल राम यादव, शिक्षक नारायण सिंह राजपूत, अश्वनी भगत, माग्रेट कुजूर, जोवन्नी तिर्की, सरिता भगत, अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में उड़यि भाषा मे मतदान का शपथ लिया गया। वही मतदान केंद्र क्रमांक 118 जुरूडाँड़ में ग्राम के मतदाता श्रीमती प्रेमलता कुजूर, बलमती बाई, दुबली बाई, शिला, रमेश, नैहर साय, नंद कुमार, बर्थ बाई, शिक्षिका बलमदीना तिर्की, कविता सोनी और डोलमनी सिंह सभी मतदाताओं की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी भाषा मे मतदान का शपथ लिया गया इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 105 खंताडाँड़ में पंच श्री गोविंद यादव, पंच हेमन्त यादव,श्रीमती रिमिता बाई,विजय राम, टोंकाधर यादव, सचिव ऊषा नागेश, सुमित्रा बाई, हेमा बाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मरियम तिर्की, बी एल ओ बालेश्वरी पैंकरा, शिक्षक सनमत राम बनवासी, नेहरू लाल चौहान अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में सादरी बोली में मतदान का शपथ लिया गया। वही ग्राम पंचायत झिक्की में के मतदाता श्री पिंगल कुजूर, श्रीमती फुलकुँवारी लकड़ा, शांति कुजूर, अरुणा कुजूर, अल्पना कुजूर, बसंती कुजूर, सीता भगत, शिक्षक श्री अगहन साय केहरी,कु. दिव्या ज्योति कुजूर अन्य सभी मतदाताओं की उपस्थिति में कुँड़ुख बोली मे मतदान का शपथ लिया गया।

25- APR-Jash-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/25/2024 7:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### थार वाहन में आग लगाने के मामले में अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** थार वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो जाने पर अज्ञात लोगों ने वाहन को आग के हवाले कर दिया। गत दिन वाहन मालिक घटना की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध आगजनी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार खड़गवां थाना अंतर्गत ग्राम रतनपुर निवासी गुरूदयाल आ. सोमर साय (25 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 22 अप्रैल को चालक रितिक श्रीवास्तव थार वाहन क्रमांक सीजी 16 सीआर 3679 से रिश्तेदार युगांतर श्रीवास्तव के साथ उसके रिश्तेदार अभिषेक अम्बष्ट, ओम अम्बष्ट के साथ पत्थलगांव जा रहे थे। जैसे ही मंगारी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तभी वाहन की टक्कर से बाइक सवार का एक्सीडेंट हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों को उग्र देख वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर भाग गए। इसी बीच अज्ञात लोगों ने वाहन को आग के हवाले कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 147, 435 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### साढ़े सात लीटर अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**राजपुर।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब बिक्री के मामले में कार्रवाई की है। टीम ने मामले में युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही साढ़े सात लीटर महुआ शराब जब्त किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि बलरामपुर के गणेश मोड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर आबकारी उप निरीक्षक चंद्रदीप भगत के नेतृत्व में टीम ने गणेशमोड़ चौकी के ग्राम झलपी निवासी 40 वर्षीय करमचंद गुप्ता आ. रामगहन गुप्ता को हिरासत में लेने के साथ ही उसके पास से हाथ भट्टी से बना हुआ साढ़े सात लीटर महुआ शराब जब्त किया है। इस मामले में आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क), 34(2),59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### जिला पुस्तकालय की स्थापना की मांग पर सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** संबोधन साहित्य एवं कला विकास संस्थान मनेन्द्रगढ़ की नवीन निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन के नेतृत्व में बीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, निरंजन मित्तल, गौरव अग्रवाल, संजय सेंगर ने मनेन्द्रगढ़ में जिला पुस्तकालय की स्थापना के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर के माध्यम से छग शासन के संस्कृति विभाग से मनेन्द्रगढ़ में जिला पुस्तकालय की स्थापना करने की अनुशंसा का अपील किया गया है। अपने अनुरोध पत्र में संबोधन संस्था द्वारा विगत 1983 से नगर के राम मंदिर प्रांगण में संचालित संबोधन वाचनालय एवं पुस्तकालय की स्थापना और अब तक संचालन के पत्र-पत्रिकाओं की कटिंग और सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में अब तक के उपलब्धियां की जानकारी दी गई है। इसमें मेरीन फॉसिल्स के विकास में संस्था की भूमिका, त्रि-दिवसीय नाट्य समारोह, कत्थक नृत्य समारोह एवं पर्यावरण संरक्षण की चेतना जागृति के लिए अमरकंटक साहित्यिक शिविर जैसे आयोजनों के माध्यम से संस्था द्वारा अब तक के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक यात्रा की उपलब्धियां की जानकारियां शामिल है।

### संयुक्त समिति की सिफारिश के बाद ठेका मजदूरों की दरों में हुई बढ़ोतरी

**बिश्रामपुर।** मुख्य श्रम आयुक्त, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार ने औद्योगिक श्रमिकों के लिए औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या के आधार पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ते बढ़ाये जाने की सूचना दी है।इसके बाद संयुक्त समिति की अनुशंसा पर 1 अप्रैल 2024 से 30 सितंबर 2024 तक ठेका मजदूरों के मजदूरी दर में वृद्धि हुई है जिसके अनुसार अब दैनिक वेतन बढ़कर अकुशल श्रमिक को 1242 रूपये,अर्धकुशल श्रमिक को 1274 रूपये,पर्यवेक्षी कुशल श्रमिक 1305 रूपये,अत्यधिक कुशल श्रमिक 1337 रुपये देय होगा।

### समझाइश देने पर युवकों ने की कार सवार से मारपीट

**अम्बिकापुर।** बाइक सवार द्वारा गलत तरीके से इंडिकेटर देकर मोड़ने पर जब कार सवार ने समझाइश दी तो बाइक सवार युवकों ने गाली-गलौज देते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम हरदीसांड निवासी बिन्देश्वर तिर्की आ. स्व. बिरवा राम सोमवार की शाम कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 2861 से बेटी व सास जिलिजना के साथ ग्राम हरदीसांड से सीतापुर जा रहा था। जैसे ही बनेया गोदाम के समीप पहुंचा तभी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवाई 2539 सवार दो युवक इंडिकेटर दिए और गलत दिशा में बाइक को मोड़ दिया। जिस पर कार सवार बिंदेश्वर ने कार रोक युवकों को समझाने लगा तो आनंद यादव व विवेक यादव ने उपसरपंच राजा राम के रिश्तेदार बताकर धौंस दिखाने लगे जिससे विवाद बढ़ गया।

### पैसा नहीं देने पर पुत्र ने मां के साथ मारपीट कर तोड़ा दांत

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने गई महिला को उसके पुत्र ने पैसा नहीं देने पर मारपीट कर दांत तोड़ दिया। ग्राम सखौली निवासी श्रीमती केशर अगरिया पति भोले अगरिया बौरीपारा शिकारी रोड में पत्नी व बच्चों के साथ रहती थी। एक सप्ताह पूर्व देवर के बेटा विजय की शादी में शामिल होने परिवार के साथ गई थी जबकि पुत्र सुरेश अपनी पत्नी के साथ आया था। शाम को सुरेश अगरिया मां से पैसा मांगने लगा तो पैसा नहीं होने पर नहीं दी जिससे नाराज होकर पुत्र ने मां के साथ मारपीट करते हुए दांत तोड़ दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 325 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## किसानों को आवश्यकता के अनुरूप नहीं मिल रही धान की राशि

# चार महीनों से नकदी संकट से जूझ रहा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- राशि के अभाव में आए दिन हो रहा विवाद

आवश्यकता के अनुरूप नगदी उपलब्ध नहीं होने के कारण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लम्बे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। नगदी के अभाव में बैंक किसानों को धान की कीमत का भुगतान नहीं कर पा रहा है जिससे बैंक की शाखाओं में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। शासन द्वारा धान खरीदी प्रारम्भ होने के साथ ही किसानों को धान की कीमत का भुगतान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से प्रारम्भ कर दिया था। शुरूआत में कम खरीदी होने के कारण बैंक पर भुगतान का दबाव भी कम था लेकिन जैसे-जैसे खरीदी बढ़ी भुगतान का दबाव भी बढ़ने लगा। इधर चेस्ट से आवश्यकता के अनुरूप राशि नहीं मिलने के कारण बैंक की शाखाओं में विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने धान की राशि को बच्चों के शादी-विवाह सहित अन्य प्रयोजनों के लिए राशि खाते में ही जमा रखा तथा शादी-विवाह का सीजन शुरू होते ही जमा राशि की मांग करने लगे। इधर नगद राशि के अभाव में किसानों को बार-बार चक्कर लगाने के कारण विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी। किसानों को बैंक प्रबंधकों द्वारा बार-बार समय देने के बावजूद धान की राशि का भुगतान नहीं करने से विपरीत स्थिति निर्मित होने लगी। हालत ऐसी हो गई है कि 20 करोड़ की मांग के विरूद्ध बैंक बमुश्किल 10-12 करोड़ रूपए की ही व्यवस्था कर पाता। बैंक ने विवाद से बचने अलग-अलग गांव के लोगों के भुगतान के लिए अलग दिन का भी निर्धारण किया लेकिन हालत नहीं सुधरी। बैंक प्रबंधन ने भी नगदी संकट के निराकरण के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों को स्थिति से अवगत करा नगदी उपलब्धता बढ़ाने की पहल की। प्रबंधकों ने स्थिति में सुधार लाने का आश्वासन दिया लेकिन स्थिति में बदलाव नहीं आ सका। इधर बच्चों की शादी-विवाह की तिथि निर्धारित करने के बाद आवश्यक खरीदी के लिए खाते में जमा राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान आपा खोने लगे। रोज-रोज के विवाद के बाद बैंक प्रबंधन ने कलेक्टर को स्थिति से अवगत कराने के साथ ही संबन्धित बैंकों के राज्यस्तरीय अधिकारियों से पत्राचार किया। लम्बी मशक्कत के बाद पिछले तीन दिनों से बैंक को आवश्यकता के अनुरूप राशि मिल रही है।




**35 हजार करोड़ का भुगतान**

शासन द्वारा धान के एवज में 3 लाख 67 हजार 612 किसानों को 24 हजार 34 लाख करोड़ एवं कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 1 लाख 80 हजार 154 किसानों को 1 हजार 2 लाख करोड़ का भुगतान करना है। राज्य सरकार ने दोनों योजनाओं की राशि 34 हजार 56 लाख करोड़ का भुगतान आदेश पूर्व में ही जारी कर दिया है। जिला सहकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा से नगद की व्यवस्था करता है। भुगतान की सुविधा के लिए एकीकृत सरगुजा के विभिन्न 5 जिलों में संचालित सरगुजा के 203 उपार्जन केन्द्र, 153 सहकारी समितियों के किसानों को बैंक की 31 शाखाओं से जोड़ा है। बैंक सभी शाखाओं को आवश्यकता के अनुरूप राशि उपलब्ध कराता है लेकिन दिसम्बर मध्य के बाद से ही बैंक नगदी संकट से जूझ रहा है।

**हर दिन 20 करोड़ की मांग**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखाओं में हर दिन किसानों को भुगतान करने के लिए 20 करोड़ रूपए की जरूरत पड़ रही है लेकिन राष्ट्रीयकृत बैंकों से 10-12 करोड़ रूपए ही उपलब्ध हो रहे हैं। किसान जरूरत पड़ने पर ही राशि निकालने बैंक पहुंचते हैं। ऐसे में किसानों की नाराजगी भी अनुचित नहीं है। नगदी संकट शुरू होने के साथ ही बैंक प्रबंधन लगातार व्यवस्था को सुधारने की कोशिशें कर रहा है लेकिन आवश्यकता के अनुरूप नगदी उपलब्ध नहीं होने के कारण व्यवस्था में बदलाव नहीं आ रहा है। बैंक प्रबंधन ने अब संभागायुक्त को स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया है।

**अब मिल रही राशि**

पिछले तीन दिनों से बैंक को आवश्यकता के अनुरूप नगदी उपलब्ध हो रही है। समस्या के निराकरण के लिए स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के स्टेट हेड को दो बार पत्र लिखा जा चुका है। नगदी उपलब्धता की निरंतरता आवश्यक है। भविष्य में समस्या होने पर स्थिति से संभागायुक्त को अवगत कराया जाएगा।
-सुनील वर्मा
सीईओ, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक



### सरगुजा की क्रिकेट टीम ने दुर्ग को हराकर एलीट ग्रुप में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिला क्रिकेट संघ की 19 वर्ष बालक टीम ने लगातार अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के एलीट ग्रुप में अपनी जगह बनाई है। अब सरगुजा टीम का मुकाबला छत्तीसगढ़ की टॉप टीमों से होगा। सरगुजा की टीम पूर्व में छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्धारित नियमों के तहत प्लेट ग्रुप में शामिल होती थी जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों की टीम हिस्सा लेती हैं। अच्छे प्रदर्शन के आधार पर चुनिन्दा आठ टीमों को एलीट ग्रुप में शामिल कर मैच कराया जाता है। सरगुजा की टीम ने अपने ग्रुप में कोरिया, जशपुर को हराकर अंकों के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में टीम का मुकाबला दुर्ग के खिलाड़ियों से हुआ। मैच में सरगुजा ने टॉस जीतकर दुर्ग की टीम को बल्लेबाजी करने का अवसर दिया। सरगुजा के गेंदबाज अर्श एवं अन्य खिलाड़ियों की शानदार गेंदबाजी से पहले बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग की टीम मात्र 99 रन बना पाई। अर्श ने 16 ओवर में 24 रन देकर 7 विकेट लिए। इस दौरान सरगुजा का क्षेत्र रक्षक भी बहुत अच्छा रहा। जवाब में सरगुजा की टीम के दिव्यांश ने 49रन, दक्ष चोपड़ा के 37 एवं वैभव सिंह के 22 रन की बदौलत खिलाड़ियों ने कुल 193 रन बनाये। पहली पारी में सरगुजा की टीम 95 रन की बढ़त बना ली। दूसरी पारी में दुर्ग की टीम 124 रन ही बना पाई। सरगुजा को मैच जीतने के लिए 29 रन की जरूरत थी जिसे बिना विकेट खोए खिलाड़ियों ने हासिल कर मैच जीत लिया। सरगुजा की ओर से अर्श एवं अन्य ने 9 विकेट लिया। द्रव्यांश जायसवाल, रवि, दक्ष चोपड़ा ने अच्छी बल्लेबाजी की। सरगुजा की टीम में कप्तान अविनाश राय, रवि राज, ताबीज खान, आंकारेश्वर, त्रयम्बकेश्वर, वैभव सिंह, पंछी, रोहित, दक्ष, नैवेद्य गुप्ता, प्रतीक यादव, अर्श, ऋषिकांत, आदर्श, निर्मल राय एवं टीम के कोच और मैनेजर शिवम तथा हर्ष दुबे थे। टीम की जीत पर सरगुजा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सोमेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव विनीत विशाल जायसवाल, शैलेश सिंह, विकास शर्मा, जीवन यादव, ज्ञानेश्वर सिंह, कमल निकुंज, शीलू सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### मलेरिया के मरीजों में आई कमी, बलरामपुर जिले में वर्ष 2023 में मिले 31 मरीज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिला में मलेरिया के मरीजों में तेजी से कमी आई है। मलेरिया टेस्ट में वृद्धि किए जाने के बाद भी कम संख्या में ही मरीज सामने आ रहे है और जिले का एपीआई दर 0.03 पहुंच गया है। गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस को लेकर बलरामपुर सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने बताया कि विगत 5 वर्षों में जिले में निरंतर मलेरिया के मरीजों में कमी आई है। जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मलेरिया निःशुल्क उपचार किया जा रहा है और लोगों को दवा उपचारित मच्छरदानी का वितरण किया गया है।

समय-समय पर डीडीटी दवा का छिडकाव भी किया जाता है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के निर्देश पर जिले में मच्छर जनित रोगों की समीक्षा बैठक के लिए जिला टास्क फोर्स गठित की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में जहां वर्ष 2017 में कुल 11008 मलेरिया के रोगी थे व जिले का एपीआई 13.5 था वहीं वर्ष 2023 में कुल 31 मलेरिया रोगी मिले व एपीआई 0.03 रहा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सुबोध सिंह ने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है जिसके लिए साफ-सफाई को लेकर गंभीर होने की आवश्यकता है। बरसात को 2 माह ही बचे है जो कि मच्छरों के लिए प्रतिकूल परिस्थिति निर्माण करता है जहां भी पानी रुकता या ठहरता है वहां मच्छर पनपते है, ऐसे जगह को या तो पाट देना चाहिए या रुके हुए पानी को बहा देना चाहिए। जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या राष्ट्रीय स्तर के औसत पैमाने से भी कम है और निरंतर राज्य स्तर एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की नजर भी जिले पर बनी रहती है। वर्ष 2024 विगत 3 माह में अभी तक एक भी मलेरिया के मरीज नहीं मिले है जो की मलेरिया मुक्त जिला घोषित करने के दिशा में पहला कदम दिखाई दे रहा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर तक मितानिन के माध्यम से मरीजों की जांच करना तथा मरीजों से सम्बन्धित जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाने का कार्य करवाया जा रहा है।




### फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम उपरांत वापस लौट रहे फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट ट्रैक्टर के चालक ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी, हालांकि दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। गौरतलब है कि बुधवार 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय प्रवास पर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर आए थे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सूरजपुर जिले से फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 1217 वापस लौटते समय नगर में एनएच 43 पर मुख्य मार्ग किनारे खड़ी थी। तभी बायो टॉयलेट लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को पिछले हिस्से में नुकसान हुआ है। दुर्घटना की वजह से यहां पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित होने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर




लोकसभा निर्वाचन के क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा आज निर्वाचन से संबंधित नोडल अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। स्वीप कार्यक्रम के तहत पात्र मतदाताओं के बीच ज्यादा से ज्यादा सकारात्मक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया ताकि मतदान के प्रतिशत बढे। गर्मी के मौसम को देखते हुए 7 मई मतदान दिवस के तिथि पर सभी मतदान केंद्रों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कहीं। उन्होंने मतदान केंद्र पर मतदान दल और मतदाता के बुनियादी सुविधा के अनुरूप चेक लिस्ट बनाकर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिसके तहत दिव्यांगजनों के लिये मतदान केंद्र में मानक मापदण्ड के अनुरूप रैंप व व्हीलचेयर, बेहतर विद्युत प्रबंधन, शौचालय व्यवस्था, मतदाताओं के लिए सेट की व्यवस्था इत्यादि पर चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्र में मतदान के लिये पहुंचने वाले प्रत्येक मतदाताओं का अनुभव बेहतर होना चाहिए। साथ ही मतदान केंद्र की सभी व्यवस्था मतदान दिवस पूर्व ही पुख्ता हो जानी चाहिए। उन्होंने समस्त नोडल अधिकारियों की समीक्षा करते हुए उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की बात कही। उन्होंने प्रशिक्षण में ईव्हीएम एवं व्ही व्ही पैट के अधिक से अधिक हैण्डस्ऑन प्रशिक्षण पर जोर दिया ताकि निर्वाचन कार्य को संपादित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारीगण ज्यादा से ज्यादा दक्ष हो सकें। बैठक में उन्होंने ईवीएम मैनेजमेंट, मोबाईल नेटवर्क विहीन मतदान केंद्र, निर्वाचन प्रशिक्षण, सी-विजिल, पोस्टल बैलेट की तैयारी, रूट चार्ट, और व्यय अनुवीक्षण इकाई के संबंध पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू, अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### गुणवत्ताहीन स्कूल भवन निर्माण पर रोक लगाने की मांग, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत लमगांव के बस्तीपारा में चल रहे प्राथमिक शाला के गुणवत्ताहीन निर्माण से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मामले में बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से कर निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। शासन द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के माध्यम से ग्राम पंचायत लमगांव के बस्तीपारा में प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कराया जा रहा है। विभाग ठेकेदार बीएन बिल्डकॉन के माध्यम से निर्माण करा रहा है। भवन निर्माण में घटिया ईंट सहित अन्य निर्माण सामग्री व ईंटों की जोड़ाई में नाम मात्र का सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। बीम की ढलाई भी आड़ी-तिरछी किया जा रहा है। जिससे कभी भी दीवार भरभराकर गिर सकता है। ग्राम पंचायत की निगरानी समिति के सदस्य लक्ष्मी नारायण तिवारी ने भविष्य में होने वाली परेशानी को देखते हुए स्थिति से एसडीओ डी टोप्पो एवं उपयंत्री बीके यादव को अवगत कराया। बार-बार शिकायत करने के बाद 14 अप्रैल को उपयंत्री बीके यादव कार्यस्थल पर पहुंचे एवं ठेकेदार को तत्काल प्लास्टर करने का निर्देश दे दिया ताकि निर्माण की गड़बड़ियों एवं घटिया सामग्री को छिपाया जा सके। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों पर ठेकेदार से मिली भगत कर गुणवत्ताहीन निर्माण कराने एवं नौनिहालों का जीवन संकट में डालने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत कलेक्टर से की है तथा घटिया निर्माण पर रोक लगा इसकी जांच कराने की मांग की है।



### जादू-टोना के शक पर महिला से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जादू टोना के शक पर महिला से मारपीट के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धौरपुर आसनडीह गोटिडुमर पारा निवासी नईहारो बाई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि महिला के घर के समीप ही फकीर व शिवलाल का घर है। दोनों युवकों के घर जब भी कोई बीमार पड़ता है तो युवक महिला पर जादू टोना का आरोप लगाते हुए मारपीट करते है। 21 अप्रैल को भी फकीर के पिता की तबियत खराब हुई तो फकीर व शिवलाल उसके घर आ गए और जादू टोना करने का आरोप लगाकर गाली गलौज करने के साथ ही जान से की मारने की धमकी देकर मारपीट की। महिला की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबन्दी कर आसनडीह निवासी 30 वर्षीय फकीर व शिवलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

## शहर के चौक-चौराहों पर लग रहा अघोषित बाजार

# सब्जी विक्रेताओं के लिए बने पौनी पसारी योजना के शेड सूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के चौक-चौराहों पर अघोषित बाजार संख्या बढ़ती ही जा रही है। चौक चौराहों के समीप सज रही बाजार से न सिर्फ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बल्कि आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है।

शहर के चौक चौराहों में लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व पौनी पसारी योजना के तहत पांच स्थानों में सब्जी बिक्री करने के लिए लाखों की लागत से शेड निर्माण कराया गया है। हैरानी की बात यह है कि योजना के तहत नगर निगम द्वारा बाजार के लिए शेड निर्माण करा दिया गया परंतु गांधीनगर थाना तथा आकाशवाणी के समीप बनाए गए शेड़ का उपयोग सब्जी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है परंतु बाकी तीन स्थानों पर लगाए गए शेड मात्र शो पीस बनकर रह गई है। ऐसा नहीं है कि सब्जी विक्रेताओं ने बनाए गए सेड़ में सब्जी बिक्री करने अपनी दुकान नहीं लगाए परंतु पौनी पसारी योजना के तहत बनाए गए बाजार में मूलभूत सुविधाएं नहीं होने सब्जी विक्रेता चौक चौराहों व सड़क किनारे बाजार लगाने को मजबूर है। शहर के आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में ग्रामीण सब्जी बिक्री करने शहर आते हैं। शहर में कंपनी बाजार व गुदरी बाजार में सब्जी विक्रेताओं की अधिक भीड़ होने पर ग्रामीण शहर के चौक चौराहों के समीप सड़क किनारे सब्जी बिक्री करते है। शहर के कई ऐसे चौक चौराहे है जो अब इन सब्जी विक्रेताओं को स्थाई जगह बन गया है। चौक चौराहों व सड़क किनारे लग रही बाजार को व्यवस्थित करने नगर निगम द्वारा कुछ साल पूर्व मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी पौनी पसारी योजना के तहत शहर के पांच प्रमुख जगह बिलासपुर चौक के समीप मठपारा, प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप, महामाया मंदिर के नवागढ़ व गांधी नगर थाना के समीप के अलावा आकाशवाणी चौक के समीप जगह का चिन्हांकन किया गया।



**बनाई जाएगी व्यवस्था**

चौक चौराहों व सड़क किनारे सब्जी दुकान लगाने वालों पर समय समय पर कार्रवाई की जाती है। पौनी पसारी योजना के तहत बनाए गए शेड के नीचे जगह दिया गया। परंतु सब्जी व्यवसायी शेड को छोड़ पुनः सड़क किनारे ही दुकान लगाने लगते है। जल्द ही सड़क किनारे सब्जी बेचने वालों के लिए शेड के नीचे आबंटन कर व्यवस्था बनाई जाएगी।
-डॉ. अजय तिर्की, महापौर




### उरांव समाज ने मनाया सरहुल पर्व

**सीतापुर।** धरती पूजा का महापर्व सरहुल पूजा मूली पड़हा उरांव समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान धरमा मंडा उरांव भवन में समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुडुख सनातन समाज द्वारा पारंपरिक सरना पूजा स्थल पर सरहुल पूजा का आयोजन किया गया जहां उरांव समाज द्वारा सामूहिक रूप से सरना की पूजा की गई। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सभा आयोजित की गई जिसमें समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा सरना पूजा एवं सरहुल पर्व मनाए जाने के उद्धेश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम स्थल पर सामुहिक भोज का आयोजन किया गया था जिसमे समाज के सभी सदस्य शामिल हुए और सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर मूली पड़हा उरांव समाज के अध्यक्ष गिरधर राम भगत, दिवान तिलक राम भगत, अनिल निराला, डॉ. एके ऊंजन, एमआर भगत, शोभन राम, गहंदुल राम समेत बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सदस्य मौजूद थे।

25- APR-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/25/2024 7:46 PM Page 1





# अमिताभ की फिल्म 'शूबाइट' अटकी है 12 साल से ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म शूबाइट रिलीज हो सकती है। निर्देशक शुजीत सरकार ने अमिताभ बच्चन को लेकर वर्ष 2012 में फिल्म शूबाइट बनाई थी। शूबाइट कई तरह के विवादों के चलते अब तक रिलीज नहीं हुई है। शूबाइट के बाद शुजीत सरकार ने अमिताभ को लेकर फिल्म पिंक, पीकू और गुलाबो सिताबो बनाई। शुजीत सरकार चाहते हैं कि फिल्म शूबाइट रिलीज हो। शूजीत सरकार ने कहा,शूबाइट फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है। मैं सभी को फिल्म शूबाइट दिखाना चाहता हूं कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने किस तरह से अपना दिल और आत्मा निकालकर रख दी थी।

लाइफ Style



# कियारा

## सलमान की फिल्म 'सिकंदर' में करेंगी काम

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में कियारा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में कियारा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं।'सिकंदर' अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शायद आपको ये जानकर थोड़ी सी हैरानी होगी कि कियारा आडवाणी ने अपने 9 साल के करियर में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। यही नही इनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट है। कियारा ने 2014 में फिल्म फगली से डेब्यू किया था हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। इसके बाद कियारा 2016 में सुशांत सिंह राजपूत स्टारर सुपरहिट फिल्म एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी में लीड रोल में नजर आई। इस फिल्म ने कियारा की किस्मत ही पलट दी और वो रातों रात स्टार बन गई।

## हॉलीवुड मसाला



# बनाया अपने 'मर्डर' का प्लान

**लॉस एंजिलस।** फेमस सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' में काम करने वाले हॉलीवुड एक्टर जियानकार्लो एस्पोसिटो दुनियाभर में जाने जाते हैं। अब एक्टर ने एक शो में अपनी जिंदगी में आई आर्थिक दिक्कतों के बारे में बात की है। एक्टर ने बताया कि वो इतने परेशान थे कि उन्होंने अपने 'मर्डर' का प्लान बना दिया था ताकि उनके चारों बच्चे इंश्योरेंस के पैसे क्लेम कर सकें। जिम एंड सैम शो पर जियानकार्लो एस्पोसिटो ने कहा, 'मेरे दिमाग में बाहर निकलना का आइडिया ये था: क्या आत्महत्या करने पर इंश्योरेंस मिलता है?



# एक दूसरे के सामने आए डेडपूल-वुल्वरीन

**लॉस एंजिलस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। इस फिल्म में सालों के इंतजार के बाद एक्स-मेन में वुल्वरीन बने नजर आ चुके एक्टर ह्यू जैकमैन एक बार फिर अपने पुराने अवतार में लौट रहे हैं। इस फिल्म में वुल्वरीन और डेडपूल से लड़ाई करते और फिर उसके साथ मिशन पर जाते देखा जाने वाला है। फिल्म का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन', 26 जुलाई को सिनेमाघरों में हिंदी, इंग्लिश, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का हिंदी ट्रेलर काफी मजेदार है। इसके डायलॉग सुनकर आपको हंसी तो आएगी ही, साथ ही आंखें भी फटी रह जाएंगी। नए टेलर में वुल्वरीन और डेडपूल को आपस में भिड़ते देखा जा सकता है।



# 6 साल बाद फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी कमबैक


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा 49 साल की हो गई हैं। प्रीति बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं। उन्होंने कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, कोई मिल गया, सलाम नमस्ते, वीर जारा समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई थी। प्रीति अब अमरीका में सेटल हो चुकी हैं, जहां वह पति जीन गुडइनफ और दो बच्चों के साथ रहती हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, प्रीति सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 से कमबैक कर सकती हैं। हाल ही में उन्हें इस फिल्म के लुक टेस्ट के लिए मुंबई के एक स्टूडियो में भी देखा गया था। प्रीति आखिरी बार भैयाजी सुपरहिट में नजर आई थीं। ये फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया।




# किसके खिलाफ लड़ाई लड़ने आ रही फुले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक गांधी और अभिनेत्री पत्रलेखा की आने वाली फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की मुख्य भूमिका है। फिल्म में प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाते नजर आयेंगी। फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने बताया कि महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखना पड़ेगा आपकी जेब पर भारी!

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग ये जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि शो कब शुरू होगा। 'बिग बॉस 17' खत्म होने के बाद से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' का इंतजार शुरू हो गया है। हर कोई जानना चाहता है कि इस बार शो में कौन-कौन से सेलिब्रिटी आएंगे और ये सीजन कैसा होगा।

***'बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार दिखेंगे ये बदलाव :*** रियलिटी टीवी शो को लेकर हर बार कई तरह की अफवाह सामने आती रही हैं। बताया जा रहा है कि इस सीजन में कई बदलाव होने वाले हैं। हाल ही में कहा जा रहा है कि ये सीजन फैंस फ्री में नहीं देख पाएंगे। जी हां 'बिग बॉस ओटीटी' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' वूट और जियो सिनेमा पर फ्री में देखे गए थे। रिपोट्र्स के मुतबाबिक अब जियो सिनेमा ने फैसला किया है कि दर्शकों को शो के एपिसोड और लाइव फीड देखने के लिए पैसे देने होंगे।

***इस तारीख से रिलीज होगा बिग बॉस ओटीटी 3'?:*** मेकर्स ने हाल ही में शो का एक पोस्ट भी शेयर किया था और फैंस से पूछा था कि वे रियलिटी शो में किसे देखना चाहते हैं। हालांकि, शो के बारे में ताजा अपडेट के मुताबिक 'बिग बॉस ओटीटी 3' 4 जून या 5 जून को शुरू होगा। ये शो अगस्त तक चलेगा। बता दें कि 'बिग बॉस ओटीटी' केवल छह हफ्ते का गेम है। इसी के साथ रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 'बिग बॉस 18' का प्रीमियर सितंबर या अक्टूबर से होगा।

### कई सेलिब्रिटीज को किया गया अप्रोच

वहीं शो के लिए कई सेलिब्रिटीज को अप्रोच किया गया है। हालांकि कुछ सेलेब्स के नाम भी लिस्ट में से सामने आ रहे हैं। जिसमें अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, शीज़ान खान, मैक्सटर्न, ठगेश, रोहित खत्री, दलजीत कौर, श्रीराम चंद्रा, अर्यांशी शर्मा, सैंकी उपाध्याय, तुषार सिलावट, रोहित जिन्जुर्के, मोहम्मद शामिल हैं।

# दिगांगना 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' के लिए तैयार



**मुंबई।** एक बड़े मुहर्त कार्यक्रम में फिल्म 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' की शुरुआत हुई, जिसमें फिल्म जगत के कई प्रसिद्ध लोग मौजूद थे। काकतीय हिल्स के वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित एक विशेष समारोह में शामिल होने वालों में दिल राजू, निर्देशक अनिल रविपुडी और साई कुमार जैसे बड़े नाम शामिल थे। वीरभद्रम चौधरी द्वारा निर्देशित, 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' एक मजेदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म होने का वादा करती है। इसमें दिगांगना सूर्यवंशी और आदि साई कुमार हैं।

# 'तुम्हारा क्या करूंगा मैं यार?' जब महेश ने मनोज से कही थी ये बात...

*मुंबई। दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपना 55वां जन्मदिन मनाया। हाल ही में वह 'साइलेंस 2', 'किलर सूप' में नजर आए। मनोज बाजपेयी पहले टेलीविजन शो, फिर फिल्में और अब वेब सीरीज में अपना लोहा मनवा रहे हैं। बाजपेयी का करियर वक्त के साथ बुलंदियां छूता रहा, लेकिन इसकी शुरुआत काफी कठिन रही। अभिनेता ने बहुत स्ट्रगल किया और ताने भी सुने। दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें ये तक कह दिया था कि वह हीरो नहीं दिखते, न उन्हें नाचना आता तो वह उनका क्या करेंगे। इसके बारे में खुद मनोज बाजपेयी ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।*

### शेखर कपूर बोले- शादी के बाद बच्चों को क्या खिलाएगा

*अतिका फारूकी को दिए इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया था कि 90 के दौर में शेखर कपूर ने उन्हें मुंबई जाने की सलाह दी थी। जब वह थिएटर करते थे तो शेखर ने उन्हें कहा था, 'रंगमंच हो गया, कल को जब वह शादी करोगे तो बच्चों को खिलाने के लिए पैसे चाहिए होंगे, इसलिए मुंबई चले जाओ। मनोज ने बताया कि वह डर गए और आगे की लाइफ को अच्छा बनाने के लिए मुंबई आ गए।*

### उस वक्त मेरे लिए कोई जगह नहीं थी

*मनोज बाजपेयी ने कहा कि उस वक्त वह खुद को फिट नहीं रख पाते थे। मनोज ने कहा था, "उस वक्त की जो स्थिति थी, उसमें हमारे लिए कोई जगह नहीं थी। हम जिस भी स्टूडियो में जाते थे, वहां पर या तो सिर्फ स्टार होते थे और शूटिंग होती थी। हर दूसरे फ्लोर पर गाने की शूटिंग चल रही होती थी। मनोज ने बताया कि उस वक्त हर कोई उन्हें रिजेक्ट कर देता था। जो उनकी तरफ देखता था वो कहता था कि इसका हम क्या करेंगे। मुझे भी लगा कि ये सच में हमारा क्या करेंगे।*





### द्रोहकाल से डेब्यू, बैंडिट क्वीन से मिली पहचान

हालांकि मनोज बाजपेयी ने हार नहीं मानी और संघर्ष करते रहे। इसके बाद उन्हें फिल्म 'द्रोहकाल' में एक छोटा सा रोल मिला जो सिर्फ 1 मिनट का था। इसके बाद फिर उन्हें शेखर कपूर की फिल्म 'बैंडिट क्वीन' में काम करने का मौका मिला और फिर साल 1998 में उनके हाथ फिल्म 'सत्या' लगी। इस फिल्म से मनोज बाजपेयी को पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने भीखू मात्रे का रोल निभाया था और इसे लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। उन्हें इस किरदार के लिए फिल्मफेयर भी मिला। आज वह अपने अलग-अलग किरदारों के लिए जाने जाते हैं।

# गर्मी में बाहर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत, ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये एक्शन और थ्रिलर फिल्में

*__मुंबई।__ अप्रैल माह का चौथा हफ्ता शुरू हो गया है, सिनेमा प्रेमियों के मन में सवाल उठ रहे होंगे कि इस हफ्ते क्या नया आया है देखने के लिए। हम आपके लिए ओटीटी पर इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और ओटीटी की पूरी लिस्ट लेकर आए हैं।जिन्हें आप नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो सिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर घर बैठे देख सकते हैं और गर्मी के दिनों में फैमिली संग एन्जॉय कर सकते हैं। दर्शकों के लिए अप्रैल का यह हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है। आईए जानते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं।*

***रणनीतिः*** बालाकोट एंड बियॉन्ड
जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और लारा दत्ता की 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' इस वीक से ओटीटी के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। ये सीरीज 2019 बालाकोट हवाई हमलो पर आधारित है। इसे आप 24 अप्रैल के बाद जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।

***दिल दोस्ती डिलेमा :*** दिल दोस्ती डिलेमा' एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे गर्मियों की छुट्टियों में सजा के तौर पर उसके दादा-दादी के पारंपरिक मोहल्ले में भेज दिया जाता है। हालांकि अपनी सोशल इमेज बनाने के लिए वह दोस्तों से कहती है कि वह कनाडा जा रही है। इस वेब सीरीज में अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, शिशिर शर्मा, सुहासिनी मुले, एलीशा मेयर, रेवती पिल्लई और श्रुति सेठ मुख्य भूमिका में हैं। यह 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

***वश :*** 'वश' में हितु कनोडिया, नीलम पांचाल, हितेन कुमार, जानकी बोडीवाला और आर्यन सांघवी हैं। फिल्म में एक परिवार प्रताप नाम के एक अजनबी से मिलता है, जो शुरू में उनकी मदद करता है, लेकिन बाद में उनके लिए परेशानी खड़ी कर देता है। आप इसे शेमारू पर 26 अप्रैल से देख सकते हैं।







***क्रैक :*** अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'क्रैक' मुंबई स्थित एक स्टंटमैन पर आधारित है, जो अपने भाई के लापता होने की सच्चाई जानने के लिए एक खेल टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। यह फिल्म 26 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

***टिल्लू स्क्वायर :*** 'टिल्लू स्क्वायर' की कहानी बाल गंगाधर तिलक उर्फ टिल्लू पर आधारित है, जिसकी लाइफ तब उलट-पुलट हो जाता है जब वह एक रहस्यमय हत्या के मामले में फंस जाता है. मल्लिक राम द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म में अनुपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में हैं। आप इस फिल्म को इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

***डेड बॉय डिटेक्टिव्स :*** इस सीरीज़ में जॉर्ज रेक्सट्रू और जेडन रेवरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***भीमा :*** इस फिल्म की कहानी एक जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छोटे से शहर के मंदिर में होने वाली रहस्यमयी घटनाओं की जांच करता है। फिल्म में गोपीचंद, प्रिया भवानी शंकर, मालविका शर्मा, नासर, नरेश, पूर्णा, वेनेला किशोर, रघु बाबू, मुकेश तिवारी, छम्मक चंद्र, निहारिका कोनिडेला और रोहिणी अमह भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप



### माता जेवरादाई हिंगलाज का दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

**सरसींवा।** बुधवार को भटगांव के देवसागर में विराजमान माँ जेवरादाई की मंदिर में दर्शन करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ मां की दर्शन करने क्षेत्र के श्रद्धालुओं भोर में 4 बजे से शाम 6 बजे तक मां हिंगलाज की दर्शन किए। यहाँ पर आकर भक्तजन अपने मनोरथ, आशीर्वाद एवं मनोवांछित फल की प्राप्ति करते है एएमाँ जेवरादाई जग जननी, दूखहरती, शुखकरती एवं फलदायनी देवी है, यहाँ पर भक्तगण आकर अपने तमाम परेशानी रोग विकारो एगरीबी एवं बांझपन से मुक्ति पाते है, जिन स्त्रियों को मातृत्व सुख की प्राप्ति नहीं होती है, वो स्त्री अपनी आस्था ० श्रध्दा से माँ की चरण कमल का आशीर्वाद लेकर एवं बैगा की हल्दी की छींटा लेकर मातृत्व सुख का आनंद पाती है। दूर दूर से लोग माँ जेवरादाई के कर नाप कर अपनी मनोरथ की प्राप्ति करते है। वही मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में भक्तजनों का मनोरंजन के लिए झुला सर्कस, जसगीत कार्यक्रम एवं खेल खिलोने इत्यादि सभी व्यवस्थित रहते है।

### मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करें बीएलओ

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के 7 मई के मतदान को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग प्रमुख को बीएलओ के माध्यम से समन्वय कर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में बेहतर कार्य करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी बीएलओ अपने क्षेत्र के वोटरों को वोट देने के लिए लगातार प्रेरित करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों एवं आवेदनों की समीक्षा की एवं तय समय सीमा में उसका निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में समय सीमा में लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कृषि विभाग अंतर्गत मिट्टी नमूना जांच, फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को शासकीय दफ्तरों के संबंध में विद्युत वितरण संबंधी आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर सूचित करने के लिए कहा।

### घायलों को टीआई ने पहुंचाया अस्पताल

**पुसौर।** बीते सप्ताह पुसौर में घटित पुसौर के नावापारा अ के पास दो बाईक सवार का खडे डंम्फर में टकराने से दुर्घटना हुई जिसमें दोनों युवक घायल पडे हुए थे जिसकी जानकारी होने पर टीआई बनजारे ने सरकारी ड्युटी को ताक में रखकर मानवता का परिचय देते हुए तत्काल अपने वाहन में पहले पुसौर हास्पीटल लाया और प्राथमिकता चिकित्सा के बाद इन्हें जिला चिकित्सालय रायगढ पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक पुसौर के सुरेश यादव का लगभग 22 वर्षीय पुत्र प्रियांशु यादव अपने किसी रिश्तेदार को रात के लगभग 11 बजे छोडने जा रहा था कि नावापारा अ के पास एक खडे डम्फर में इनका बाईक टकराया और ये दोनों वहीं घायल होकर पड़े थे ।जिनकी सुधि लगभग 12 बजे तक किसी ने नहीं ली थी इसकी खबर होने पर आचार संहिता के बीच सघन चुनावी ड्यूटी होने के बाद भी मानवता का परिचय देते हुए पहले घायल युवाओं को पुसौर हास्पीटल अपने पुलिस वाहन में लाया और समय पर इलाज शुरू होने से घायलों की जान बच गई।

## पेज 1 का शेष

### लगातार हो रही सड़क...

भी दुर्घटना का सबब बनते है। शहर में कुछ जगहों पर ही सिग्नल की व्यस्था की गई थी, लेकिन अब वो सिग्नल बंद पड़े है। इससे नौजवान चालकों में ट्रैफिक सेंस नहीं पनप रहा है। यातायात पुलिस द्वारा कभी भी अभियान चलाकर बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वहां चालक या लापरवाही से वहां चलाने वालो पर कार्यवाही नही की जाती जिससे वाहन चालकों के हौसले बुलंद होते जा जा रहे है। और लगातार दुर्घटना बढ़ती जा रही है।

# रेल कर्मियों को बच्चों की शिक्षा का मिलेगा एजुकेशन अलाउंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी कक्षाओं में पढने वाले रेलकर्मियों के बच्चों को एजुकेशन अलाउंस दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत यह निर्णय किया है। बोर्ड ने नेशनल फैडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन व ऑल इंडिया रेलवे मेंस फैडरेशन की मांग को मानते हुए यह फैसला किया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर एस्टेब्लिशमेंट वेलफेयर वी सोमदास ने सभी जोनल रेलवे को आदेश जारी किए हैं। न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत स्कूल में 3 वर्ष की आरंभिक कक्षाओं को भी इसमें जोड़ दिया गया है। इसके अलावा यदि कोई इन आरंभिक कक्षाओं से ही बच्चों को हॉस्टल में भर्ती कराते हैंए तो उन्हें हॉस्टल अलाउंस भी मिलेगा। रेलवे बोर्ड की ओर से पूर्व में जारी आदेश के तहत रेलवे कर्मचारियों के बच्चों को कक्षा प्रथम से पहली दो कक्षाओं का शिक्षण शुल्क रेलवे की ओर से वहन किया जाता था और रेलवे कर्मचारियों को उसका रीइंबर्समेंट दिया जाता था। लेकिन अब कक्षा प्रथम से पहले नर्सरीए एलकेजी व यूकेजी का शिक्षण भत्ता दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड की ओर से जारी आदेश के बाद यदि किसी कर्मचारी के बच्चे को किसी कारणवश उसी कक्षा में प्रवेश दिया जाता है या मिलता है, तो उन्हें एकबारगी छूट के रूप में प्रावधान देकर शिक्षण भत्ता देय होगा। रेलकर्मियों का कहना है कि कई बार ऐसी स्थिति बन जाती थी कि रेलकर्मी के बच्चे को उस कक्षा में प्रवेश दिया जाता था तो उसे शिक्षण शुल्क नहीं मिल पाता था क्योंकि उस कक्षा का शिक्षण शुल्क रेलकर्मी को भुगतान किया जा चुका है। मगर इस आदेश से रेलकर्मी को काफी राहत मिलेगी।

अलग खबर



**नर्सरी, एलकेजी यूकेजी कक्षाओं में मिलेगा प्रवेश**

### सुर्कुलेटिंग क्षेत्र में भी काट रहे रसीद, नहीं देने पर करते हैं दुर्व्यवहार

# पार्किंग ठेकेदार की मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे स्टेशन में पार्किंग ठेकेदार व उसके कर्मचारियों की मनमानी पर आरपीएफ ने चुप्पी साध रखी है। आरपीएफ की यही चुप्पी अब उनकी मनमानी के लिए सहमति बनता नजर आ रहा है। वे खुलेआम सर्कुलेटिंग क्षेत्र में रसीद काट रहे हैं और ड्रोप एंड गो की सुविधा की बात करने पर बदसुलुकी व दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

अहम बात यह है कि यह खेल काफी लंबे समय से चल रहा है कि अब तक आरपीएफ सहित वाणिज्य विभाग ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं कर पाया है। जिससे उसके हौसले और भी बुलंद हो गए हैं। इसमें ध्यान देने वाली बात यह भी है कि रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में पार्किंग की वसूली करने व यात्रियों से दुर्व्यवहार के मामले में आरपीएफ व वाणिज्य विभाग बिलासपुर में तो कार्रवाई करता है, किंतु यहां इस तरह से की कार्रवाईयां करने से बचा जाता है। सुबह से लेकर रात तक पार्किंग ठेकेदार व उसके कर्मचारियों द्वारा रेलवे के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में जमकर अवैध पार्किंग पर भी रसीद काट कर वसूली करते हैं। दरअसल रेलवे ने पार्किंग के लिए जगह निर्धारित की है, जिसके के तहत ठेकेदार को पार्किंग का शुल्क लेना है। वहीं यात्रियों को लेने व छोड़ने के लिए आने वाले यात्रियों के रेलवे स्टेशन में ड्रॉप एंड गो की सुविधा भी दी जाती है। यही सुविधा यहां भी यात्रियों को दी गई हैं, किंतु वर्तमान में ठेकेदार की मनमानी इतनी चरम पर है कि ड्रॉप एंड गो की सुविधा का लाभ भी यात्रियों को नहीं मिल रहा है। इससे कुछ दिन पहले ही खरसिया में भी स्टैंड ठेकेदार की दबंगई की शिकायत सामने आई थी।



#### हरिभूमि की पड़ताल में हुआ खुलासा

इस पुष्टि बुधवार को हरिभूमि द्वारा की गई पड़ताल में सामने आई। पड़ताल के दौरान हमने देखा कि पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारी हर उस यात्री से पार्किंग शुल्क लेता नजर आया जो अपने परिजनों को छोड़ने या लेने के लिए आए थे। जब हमने वहां मौजूद पार्किंग ठेकेदार के कर्मचारी से पूछा तो उसने बदसुलुकी करने लगा और देख लेने की बात तक कह डाली।

#### स्थानीय अमले की कार्रवाई नाकाम

सबसे अहम बात यह है कि पार्किंग ठेकेदार हर दिन इस तरह की वसूली करता है। पार्किंग को लेकर अवैध वसूली की मौखिक शिकायत कई बार सीएसएम, आरपीएफ व वाणिज्य विभाग के स्थानीय अधिकारियों से की जाती है, किंतु इस मामले में आज तक कभी गंभीरता नहीं बरती गई। जिसकी वजह से ठेकेदार के हौसले बुलंद हो रखे हैं। महिलाओं से भी करता है बदसलुकी करते हैं।

#### अवैध वसूली गलत

रेलवे स्टेशन में ड्रॉप एंड गो की सुविधा होती है। ऐसे में इस परिस्थिति में यात्रियों से पार्किंग शुल्क लेना नियम के विरूद्ध है। पार्किंग ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

**विकास कश्यप**
सीनियर, डीसीएम

#### लग रहा जुर्माना

पार्किंग ठेकेदार की मनमानी को लेकर अवैध रूप से पार्किंग शुल्क लेने और यात्रियों से दुर्व्यवहार व बदसुलुकी करने की शिकायत प्राप्त हुई। ऐसे में ठेकेदार पर प्रथम बार में 2 हजार का जुर्माना लगाते हुए यात्रियों से दुर्व्यवहार नहीं करने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

**मानिकृत भूजल**
वाणिज्यिक निरीक्षक

#### जीएम के निर्देशों को भी कर रहे दरकिनार

हरिभूमि की पड़ताल में यह बात भी सामने आई कि ठेकेदार व उसके कर्मचारियों द्वारा सर्कुलेटिंग क्षेत्र में वूसली की वजह से हर समय रेलवे स्टेशन के बाहर जाम लगता है। जबकि पूर्व में जीएम के निरीक्षण के दौरान ही पार्किंग स्थल निर्धारित करते हुए अन्य स्थलों पर वाहनों की पार्किंग नहीं कराए जाने के सख्त निर्देश थे। किंतु इन निर्देशों को दर किनार किया जा रहा है।



**100 फीट तक गिरा भू जल स्तर, पानी का संकट बढ़ा**

# तीन ब्लॉकों के 4 सौ से अधिक हैंडपंप सूखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में सात ब्लॉकों में धरमजयगढ़ के अलावा सभी को भूजल स्तर में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। अप्रैल खत्म नहीं हुआ है और इधर 746 हैंडपंप सूख चुके हैं। भूजल स्तर में गिरावट बहुत तेजी से हो रहा है। मई अंत तक पुसौर और तमनार क्षेत्र में आधे हैंडपंप सूख जाएंगे। सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड ने पुसौर ब्लॉक को सेमी क्रिटिकल की श्रेणी में रखा है। पुसौर में जल स्तर 45 मीटर तक जा चुका है। यही हाल तमनार और खरसिया का भी है। अब तक पुसौर और तमनार की स्थिति सबसे ज्यादा मुश्किलों भरी है। पुसौर में 1087 हैंडपंपों में से 204 सूख गए हैं। तमनार में 1987 में से 227 सूखे पड़े हैं। रायगढ़ में 1389 में से 193 पंप बंद हो गए। बाकी तहसीलों में कम हैंडपंप सूखे हैं। जल जीवन मिशन से कुछ बदलाव आने की उम्मीद है। घरों में हैंडपंप से भूजल दोहन में कमी आ सकती है। गर्मियों में कई क्षेत्रों में हैंडपंप ड्राई हो रहे हैं। अप्रैल में ही 746 हैंडपंप सूख चुके हैं। पानी को लेकर हाहाकार मचने वाला है। छग में पानी की सबसे ज्यादा खपत खेती में होती है। धान को बहेत ज्यादा पानी की जरूरत होती है। खरीफ के साथ रबी में भी किसान धान ही लगाते हैं। वैकल्पिक खेती को लेकर अब भी संशय है। इसके अलावा उद्योग और घरों में भी भूजल दोहन हो रहा है। मार्च तक भूजल स्तर जैसे-तैसे चलता है। लेकिन उसके बाद गिरावट का सिलसिला शुरू होता है। ऐसा नहीं है कि पानी की किल्लत केवल ग्रामीण अंचल में है बल्कि जलस्तर नीचे जाने से शहरी आबादी में भी पेयजल संकट तेजी से बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले ही चंद्रनगर के पीएम आवास के हितग्राही पानी की समस्या लेकर निगम में पहुंचे थे।

# कुत्तों से घायल कोटरी का इलाज कर वापस जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया वन परिक्षेत्र के जोबी परिसर में जंगल से भटक रह गांव पहुंचे एक कोटरी पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। ऐसे कुत्तों से अपनी जान बचाने की कोशिश में कोटरी घायल गया। वहीं सूचना मिलने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और कोटरी की मरहम पट्टी व इलाज करने के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना बुधवार की सुबह की बताई जा रही है। सुबह एक कोटरी जंगल से भटकते हुए गांव में दाखिल हो गया। गांव में घूम रहे आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। ऐसे में कोटरी ने अपनी जान बचाने के लिए दौड़ लगाई और इसी बीच वह एक ग्रामीण के घर में घुस गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन अमला को दी और ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़कर उसका इलाज करा कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि कोटरी के पीछे पैर में कुत्तों के हमले से वह मामूली रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने के बाद तत्काल वनकर्मी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से उसका इलाज कराया गया। उसकी बेहतर स्थिति को देखते हुए सुरक्षित उसे जंगल में छोड़ा गया है। गर्मी बढ़ने के साथ ही वन्यजीवों का आसपास के आबादी क्षेत्रों में पानी की तलाश करते पहुंचने का सिलसिला शुरु हो चुका है और ऐसी घटनाएं सामने आती रहेंगी।




### गौ तस्करों ने पत्रकार के साथ की मारपीट

**रायगढ़।** गौतस्करी से संबंधित खबर प्रकाशित करने पर नाराज गौतस्करों ने सुनियोजित तरीके से कुड़ेकेला के स्थानीय पत्रकार के साथ मंगलवार शाम मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत पर छाल थाने में आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरु कर दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक हनुमान जयंती के दिन शाम को मंदिर जाते समय कुड़ेकेला के पत्रकार रामकृष्ण पाठक को कुछ लोगों ने घेरकर सामूहिक रुप से मारपीट की है। इस मामले में पुलिस ने एक नामजद व अन्य आरोपियों पर केस दर्ज किया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले को संवेदनशील बताते हुए घटना का विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया था। अपने नापाक इरादों पर पानी फिरता देख अब जिले में फिर से गौ तस्करों ने कायराना हरकत करते हुए मारपीट की वर्तमान घटना को अंजाम दिया है।

# निर्धारित साइज से अधिक दीवार लेखन प्रचार जुड़ेगा प्रत्याशी के खर्चे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जांजगीर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी सारंगढ़ के दौरे पर रहे। सामान्य प्रेक्षक स्वामी ने कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, एसपी पुष्कर शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वय वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू एडिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल से कलेक्टर कक्ष में मुलाकात किया। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने कहा कि जहां-जहां एसएसटी, वीएसटी, एफएसटी आदि पाली पाली से ड्यूटी कर रहें हैं वे ड्यूटी के शुरूआत और अंतिम समय अपना सामूहिक फोटो शेयर नियंत्रण अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि सभी का पाली.पाली अनुसार ही ड्यूटी होना चाहिए। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन को कहा कि जिले में संपत्ति विरूपण अंतर्गत दीवालों पर 3 बाई 2 के साइज का पेंटिंग और 1 बाइ 2 साइज का झंडा सहमति से है तब ठीक है। उल्लंघन के मामले में प्रत्याशी को नोटिस दें कि वे या तो खुद निर्धारित स्थान से स्वयं मिटा देए नहीं तो निर्वाचन कार्यालय से मिटाने पर प्रत्याशी के खाते में खर्च जुड़ेगा। इसी प्रकार स्वामी ने कहा कि ग्राम पंचायत और शहर के वार्ड स्तर से आदर्श आचरण संहिता मुक्त क्षेत्र का एनओसी प्राप्त करें और कहीं कोई आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो तो कार्यवाही करें। बैठक में जिले के कुल जनसंख्या, महिला पुरूष मतदाता, दिव्यांग का होम वोटिंग, डाकमत से वोटिंग, मतदान केन्द्रों में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति, मतदान दल, जांच चौकियों में ड्यूटी, मतदान दल की रवानगी, वापसी, सामग्री संग्रहण, एमसीएमसी, आदर्श आचरण संहिता आदि के संबंध में समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी राजस्थान कैडर के 2015 बैच के आईएएस हैं।




# बेवजह तफरीह कर रहे लोगों को सारंगढ़ पुलिस ने दी समझाईश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सारंगढ पुलिस अधीक्षक कमलेश प्रसाद चंदेल एवं एसडीओपी अविनाश मिश्रा के द्वारा लगातार नशा शराब में संलिप्त व्यक्तियों पर अपराध रोकथाम एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया है जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी श्रीमती भावना सिंह के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ पुलिस द्वारा लगातार शहर में पेट्रोलिंग के दौरान रोड में बेवजह घुमने वालों को रोककर पुछताछ कर समझाईस दी जा रही है तथा तेज एवं लापरवाही पूर्वक गाडी चलाने वालों के उपर लगातार मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जा रही है तथा होटल ढाबा लाज की चेकिंग की जा रही है।

चखना सेंटरों घर शराब पीने व पीलाने वालो के आरोपीगण अमर मिरी पिता दिलचंद मिरी उम्र 27 वर्ष निवासी कोतरी खेलकुमार निषाद पिता रेशमलाल उम्र 26 वर्ष निवासी टिमरलगा कपिल साहू पिता नारायण साहू उम्र 23 वर्ष निवासी अमेठी, राज निषाद पिता पोकराम निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी अमेठी, हेमंत महंत पिता आनंद महंत उम्र 19 वर्ष निवासी अमेठी, चंद्रशेखर साहू पिता कंवल सिंह साहू उम्र 56 वर्ष निवासी छोटे खरी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट में आरोपी दिपक कुमार साहनी पिता स्व रामजी साहनी उम्र 40 वर्ष निवासी कुशलनगर सारंगढ़ थाना सिटी कोतवाली सांरगढ़ से अवैध साढ़े 04 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 450 रुपए विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



# सीएमएचओ ने ली समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीके चंद्रवंशी ने स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम सभा कक्ष में समस्त नेत्र सहायक अधिकारियों के साथ मासिक बैठक लेकर एजेण्डावार चर्चा की। उन्होंने विकासखंड में कार्यरत नेत्र सहायक अधिकारी की जानकारी लेते हुए नेत्र सहायक अधिकारी के कार्य क्षेत्र एवं कार्य क्षेत्र में आने वाले स्कूलों की जानकारी लेते हुए माह आगामी मई एवं जून तक संपूर्ण सर्वेक्षण के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने माध्यमिक स्कूलो में अध्यनरत छात्रों का नेत्र परीक्षण कार्य 30 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रत्येक माह आकुलर ट्रामा का रिर्पोटिंग करने की जानकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत सीएचओ आरएचओ द्वारा एचआईएमएस पोर्टल पर रिर्पोटिंग करने, कार्नियल ओपी सिटी का लिस्ट बनाकर नेत्र की सर्जन से जाँच करवाने की जानकारी, प्रेस बायोपिक चश्मा का वितरण का लिस्ट बनाकर नेत्र सर्जन से जाँच करवाने की जानकारी, अग्रिम दौरा कार्यक्रम का एक कापी नोडल अधिकारी के पास जमा करने की जानकारी, प्रत्येक माह मोतियाबिंद की जानकारी, नेत्र संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा की जानकारी, उपकरणों की जानकारी मुख्य रूप से टोनोमीटर, अर्बन के सर्वे लास्ट में संयुक्त रूप से सीएचसी लोईंग पुसौर से कराना, पोस्ट चश्मा नंबर ब्लाक वाइज अलग से उपलब्ध कराना वर्ष 2023-24 का ब्लाक वाइज पोस्ट आफ विजन 15 मई तक जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना, प्रत्येक नेत्र सहायक अधिकारी को सेपरेट रजिस्टर रखना है जिसमें पोस्ट आफ विजन के साथ कम से कम 3 फालोअप हो विभिन्न लोकल हेल्थ कैंप के लिए दो सेट विजन चार्ट, ट्रायल सेट व ट्रायल फ्रेम खरीदवाना है। 347999 बच्चों का जाँच परीक्षण किया गया है एवं 1501 बच्चों को चश्मा वितरण किया जा चुका है।



### बच्चों को दी गई फन और फिटनेस की जानकारी

**चंद्रपुर।** मारवाड़ी युवा मंच की जागृति शाखा द्वारा 20 अप्रैल से 23 अप्रैल तक अग्रसेन भवन चंद्रपुर में चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। कैंप का संचालन स्वीटी और अनुजा ने किया। कैंप के माध्यम से 8 से 12 वर्ष के बच्चो को समर वेकेशन पर नगर में फन और फिटनेस की जानकारी दी गई। बच्चे जहां डिफरेंट एक्टिविटी में इन्वॉल्व होकर अपना टैलेंट दिखा रहे हैं। योगा आर्ट एंड क्राफ्ट कथक नृत्य ड्राइंग म्यूजिक डांस स्केटिंग आदि विधाएं सिखाए गए।

